





## एक नजर में

### सैलाना में शासकीय, निजी स्कूलों के 1हजार 421 बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अपडेशन किए



**रतलाम।** जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों के ऐसे बच्चे जिनके आधार बायोमेट्रिक अपडेशन शेष है।उनके आधार अपडेशन करने के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार स्कूल स्तर पर शिविर आयोजित कर आधार अपडेशन का कार्य किया जा रहा है।विद्यालय के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार कैंपेन अंतर्गत बच्चों के आधार में एमबीयू अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन किए जाने हेतु विद्यालय स्तर पर कैंप लगाए जा रहे है। गुरूवार को सैलाना, रानीसिग सहित जिले के स्कूलों में 1421 बच्चों के आधार अपडेशन का कार्य किया गया।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर रतलाम में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रतलाम।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन पोलो ग्राउंड, रतलाम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांगजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी–अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ रतलाम नगर निगम महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से गोला फेंक, ट्राइसाइकल रेस, बैसाखी दौड़, मटकी फोड़ तथा म्यूज़िकल चेयर्स जैसी स्पर्धाएँ आयोजित की गई। महापौर प्रहलाद पटेल ने सभी प्रतिभागियों को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिव्यांग समाज हमारा अभिन्न अंग है और उन्हें समान अवसर प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर मिशा सिंह ने दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उप संचालक, सामाजिक न्याय विभाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से श्री रवि जैन एवं समस्त स्टाफ, जनचेतना अभियान परिषद, बधिर एवं मंदबुद्धि विद्यालय से श्री सतीश चंद्र तिवारी, लायंस क्लब से श्री सुनील जैन बरगढ़ ,विकलांग सेवा संघ सारथी लखदातार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उप संचालक सामाजिक न्याय संध्या शर्मा ने किया।

### जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

**रतलाम ।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 1 दिसम्बर से आयोजित किये गये है जो 16 फरवरी 2026 तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किशत तथा भू–भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 व 4 के लिये 5 दिसम्बर को अम्बेमाता मंदिर जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक 4 व 5 के लिये 8 व 10 दिसम्बर को विनोबा नगर पानी की टंकी के पास, वार्ड क्रमांक 5, 6 व 7 के लिये 11 व 12 दिसम्बर को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 8 व 9 के लिये 15 दिसम्बर को कोमल नगर, वार्ड क्रमांक 8 व 9 के लिये 16 दिसम्बर को मार्निंग स्टार स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 8 व 9 के लिये 17 दिसम्बर को राजबाग गार्डन, वार्ड क्रमांक 10 के लिये 18 दिसम्बर को 80 फीट रोड, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 19 दिसम्बर को प्रियदर्शनी नगर, वार्ड क्रमांक 12 व 13 के लिये 22 व 24 दिसम्बर को कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 26 दिसम्बर को सिंधी कॉलोनी सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 11 के लिये 27 दिसम्बर को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 14 व 46 के लिये 29 व 30 दिसम्बर को काटजू नगर मेहरा नर्सिंग होम, वार्ड क्रमांक 47 व 48 के लिये 31 दिसम्बर को वेदव्यास कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिये 1 जनवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 16 व 19 के लिये 2 जनवरी को राजेन्द्र नगर मुख्य मार्ग, वार्ड क्रमांक 18 व 19 के लिये 3 जनवरी को टाटा नगर, वार्ड क्रमांक 16 के लिये 5 जनवरी को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 19 व 20 के लिये 6 व 7 जनवरी को दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 43 व 44 के लिये 8 व 9 जनवरी को लक्कड़पीठा प्याउ के पास, वार्ड क्रमांक 38 व 39 के लिये 12 व 13 जनवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 22 व 23 के लिये 15 जनवरी को रामगढ़, वार्ड क्रमांक 21 व 22 के लिये 16 जनवरी को कल्याण नगर, वार्ड क्रमांक 23, 24 व 25 के लिये 19 जनवरी को करमदी रोड अमलतास गेट के पास, वार्ड क्रमांक 24 व 25 के लिये 20 जनवरी को चौगानिया भेरू मंदिर, वार्ड क्रमांक 24, 25, 42 व 43 के लिये 21 जनवरी को शिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 42, 43 व 45 के लिये 22 व 23 जनवरी को चौमुखीपुल, वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 27 व 28 जनवरी को बजाज खाना गणेश देवरी, वार्ड क्रमांक 47 व 48 के लिये 29 व 30 जनवरी को आर्य समाज मंदिर धानमण्डीमें होगा। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

### वित्तीय अधिकारों और लावारिस संपत्तियों के महत्व को समझाया

**जावरा।** राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के तहत विशेष सत्र का आयोजन हुआ। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीयव्यापी अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार के अंतर्गत अक्टूबर से दिसंबर माह तक चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को भारत सरकार की उक्त अभियान के पीछे नागरिकों को उनका अधिकार दिलाने की मंशा से रूबरू कराया गया इस सत्र का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नितिन बडेजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए वित्तीय अधिकारों और लावारिस संपत्तियों के महत्व को समझाया। अपने संबोधन में डॉ. बडेजा ने बताया कि देश के विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों में करोड़ों रुपये की राशि बिना दावे के पड़ी है।उन्होंने कहा, अक्सर जानकारी के अभाव में या दस्तावेजों की कमी के कारण लोग अपने या अपने पूर्वजों के जमा धन को क्लेम नहीं कर पाते। डॉ. बडेजा ने छात्रों को यह समझना होगा कि बैंक डिपॉजिट, शेयर डिविडेंड, और बीमा पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि अगर लंबे समय तक क्लेम न की जाए, तो वह अनक्लेम्ड हो जाती है।

### महाविद्यालय शिविर में 21 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

**कालूखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय कालूखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर स्वर्गीय महेंद्रसिंह कालूखेड़ा गौशाला ग्राम तालीदाना में समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है।शिविर के चोथे दिन, रोटरी क्लब रतलाम की विशेषज्ञ टीम के सहयोग से रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर, स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों ने रक्तदान के पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।उत्साह के साथ कुल 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।रक्तदान के दौरान स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जो समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को दर्शाता है।डॉ. सीएम मेहता ने बताया कि सात दिवसीय इस शिविर में लगातार विभिन्न समाज सेवा की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।इसी क्रम में, आज 5 दिसंबर को नेत्र विशेषज्ञ की टीम के सहयोग से ग्रामवासियों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा।ग्रामवासी इस अवसर पर अपनी आंखों से संबंधित समस्याओं के लिए डॉक्टर से आवश्यक परामर्श ले सकेंगे। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शेखर मेडमवार, विश्वविद्यालय संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध में सड़क पर बैठे,फोरलेन जाम

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर से लगे गांव धौंसवास में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का कड़ा विरोध हुआ। प्रशासन द्वारा एक धर्मशाला का निर्माण तोड़ा गया तो विवाद हो गया और फिर समाज के लोगों ने फोरलेन पर पहुंचकर सड़क पर बैठ गए। इससे फोरलेन पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी बल के साथ धौंसवास पहुंचे। धौंसवास से बांगरोद के बीच नाले की जमीन पर एक धर्मशाला पर निर्माण चल रहा था। प्रशासन ने जेसीबी चलाकर निर्माण और वहां बनी एक तरफ की दीवार को गिरा दिया। प्रशासन की कार्रवाई से मालवीय समाजजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने कार्रवाई के विरोध में फोरलाइन पर जाम लगा दिया। समाजजन का कहना है कि प्रशासन ने कोई पूर्व सूचना नहीं दी। सुबह 7 बजे कार्रवाई की जानकारी मिली। इधर प्रशासन का कहना है कि ग्राम पंचायत धाँसवास में शासकीय नाले को ब्लॉक करके उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में राजस्व और पंचायत विभाग द्वारा संबंधित निर्माण कार्य करने वालों और उपसरपंच को पूर्व में दो बार सूचना जारी की जा चुकी थी, इसके बावजूद कार्य बंद न किए जाने के कारण प्रशासन द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

- सुबह सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचा प्रशासन का अमला
- फोरलेन पर वाहनों की लग गई लम्बी कतारें



#### अधिकारियों ने चर्चा कर समझाया



फोरलेन पर लम्बा जाम लगने की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम सुश्री आर्ची हरित, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।प्रशासन और पुलिस के अधिकारी समाजजनों से चर्चा कर उन्हें समझाइए देते रहे।काफी समय पश्चात प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जाम समाप्त किया। वहीं कार्रवाई के विरोध से दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित, कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र दिए



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इसमें पाया गया कि समीक्षा के बाद कार्य में सुधार आया हैं।



#### स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

कलेक्टर मिशा सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में सकारात्मक सुधार लाने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान 15 दिवस में कार्यक्रमों में सुधार लाने के निर्देश दिये गये थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि समीक्षा बैठकों के दौरान विभाग के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम बीसीएम आदि के निरंतर मॉनिटरिंग और टीमवर्क के कारण कर्मचारियों के कार्य में निरंतर सुधार परिलक्षित हो रहा है। कलेक्टर मिशा सिंह ने विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए हैं। संपत डामर उप स्वास्थ्य केंद्र गड़ीगमना ब्लॉक बाजना को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अर्थशासकीय पत्र देकर सम्मानित किया है। कलेक्टर ने सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की ।

#### आलोट में अब 5 से बढ़कर अब 85 प्रतिशत हुआ

15 नवंबर की स्थिति में आलोट में अनमोल पोर्टल पर 80 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन था जो कि 05 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हुआ, इसी प्रकार बाजना में 62 प्रतिशत से बढ़कर 71 प्रतिशत, बिलपांक में 89 प्रतिशत से बढ़कर 93 प्रतिशत, जावरा में 90 प्रतिशत से बढ़कर 91 प्रतिशत पिपलौदा में 78 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत रतलाम नगर में 57 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत एवं सैलाना में 59 प्रतिशत से बढ़कर 76 प्रतिशत हुआ है। इस प्रकार कुल 1036 गर्भवती माताओं का पोर्टल पर पंजीयन किया गया है। मध्यम एनीमिया के प्रबंधन में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुल 329 माताओं को एफ.सी.एम. इंजेक्शन लगाये गये, साथ ही 1286 गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाये गये। अति गंभीर एनीमिया वाली 49 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन किया जा चुका है। इनमें से 76 माताओं को आयरन सुक्रोज, 86 माताओं को एफ.सी.एम. इंजेक्शन तथा 153 माताओं को ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया है। प्रेगनेंसी इंड्यूस्ड हाइपरटेंशन वाली गर्भवती माताओं में 70 प्रतिशत माताओं का प्रबंधन किया गया है। बैठक के पूर्व की स्थिति से 05 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। 183 माताओं को लेबेटोलॉल, मैग्नीशियम सल्फेट, निफेडिफिन की सेवाएँ प्रदान की गई है।



# रेलवे स्टेशन परिसर में 'रेलवे–रोटरी पीस गार्डन' के निर्माण हेतु भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वच्छ रेल–स्वच्छ भारत अभियान तथा हरित स्टेशन की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल निरंतर नवाचारों एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस क्रम में कुछ समय पूर्व रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 की ओर स्थित खाली एवं अनुपयोगी स्थान को हेरिटेज गार्डन के रूप में विकसित किया गया था, जिसने स्टेशन परिसर को नया स्वरूप प्रदान किया है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए रेलवे द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 4 से फ्रीगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित एक अन्य अनुपयोगी एवं गंदे स्थान जो लगभग 16000 वर्गफुट में फैला है, को भी विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यह स्थान अब आकर्षक हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण पहल में रोटरी क्लब रतलाम प्रमुख सहयोगी के रूप में शामिल हुआ है, जो इस स्थान को सुंदर एवं शांतिपूर्ण 'रेलवे–रोटरी पीस गार्डन' के रूप में विकसित करेगा। गुरूवार को इस गार्डन के निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार, मंडल के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, रोटरी क्लब रतलाम के अध्यक्ष हरीश वर्मा, सचिव दीपक पंत, क्लब सदस्य सहित रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान का आज होगा शुभारंभ

**रतलाम।** जिले में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन को प्राप्त करने के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में 'प्रशासन गाँव की ओर अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत शासन की फ्लैगशिप स्कीम का क्रियान्वयन, प्रगतिरत महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा एवं जन सुनवाई/किसान चौपाल आयोजित की जाएगी। अभियान को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु चिन्हित क्लस्टरों का दौरा कैलेंडर जारी किया गया है। शुक्रवार 5 दिसंबर को पहला कार्यक्रम 19 ग्राम पंचायतों में निर्धारित किया गया है। निर्धारित पंचायतों के लिए अभियान दो चरणों में संचालित होगा। प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक क्लस्टर की पंचायतों पर नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। उक्त समय पर जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा प्रगतिरत कार्यों और विभागीय कार्यों का निरिक्षण किया जायेगा। दूसरे चरण में अपराह्न में, क्लस्टर मुख्यालय शिवगढ़ (जनपद सैलाना) पर सभी पंचायतों की योजनाओं की समीक्षा एवं लंबित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

#### किसानों के लिए लगाई जाएगी चौपाल

#### 19 ग्राम पंचायतों में लगेंगे अनुश्रवण शिविर

प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत 5 दिसंबर को जनपद पंचायत सैलाना अंतर्गत 19 ग्राम पंचायत अडवानिया, सांसर, भीलों की खेडी, कोटडा, करिया, भामट, सुण्डी, दौलतपुरा, कांगसी, ठिकरीया, बासिन्द्रा, खेडीकला, बायडी, तालाबकोर्डी, शिवगढ़, बावडी, केल्दा, कुआझागर, डुंगरापुंजा में अनुश्रवण शिविर आयोजित किए जाऐगे। प्रत्येक पंचायत के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अमले द्वारा उपस्थित होकर प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक आमजन की समस्याओं को सुनकर अनुश्रवण पंजी में दर्ज किया जाएगा। दोपहर 1 से 1.30 तक अभियान के क्लस्टर पंचायत मुख्यालय पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होगे एवं 2:30 से 4 बजे तक क्लस्टर पंचायत मुख्यालय शिवगढ़ पर अनुश्रवण पंजी की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की जाएगी। सायंकाल 4 बजे से 5.30 तक क्लस्टर में सम्मिलित पंचायतों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा होगी।



# दिव्यांग दिवस :रेलवे लेखाकर्मी सम्मानित

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर ऑल इंडिया रेलवे अकाउंटस स्टाफ एसोसिएशन द्वारा लेखा कार्यालय में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी का सम्मान किया। मुख्य अतिथि सहायक मंडल वित्त प्रबंधक जेठमल रेगर एवं ऑल इंडिया रेलवे अकाउंटस स्टाफ एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश व्यास एवं मंडल अध्यक्ष आफक हुसैन अंसारी की उपस्थिति में दिव्यांग लेखाकर्मियों का केसरिया दुपट्टा से सम्मानित किया। दिव्यांग लेखाकर्मी मुकेश तिवारी वरिष्ठ लेखा सहायक ने बताया कि मेरी 36 वर्ष की रेल सेवा में यह पहला आयोजन हो रहा है । मुख्य अतिथि श्री रेगर ने कहा कि आज आपके दिवस पर आप सम्मानित हो रहे हैं जिससे हम गौरव महसूस करते हैं। इस अवसर पर लेखाकमी तुषार हाडा ,राजेंद्र रायक, विजय यादव, दुलारी ,भीम सिंह बिष्ट, रोहित वर्मा ,मुकेश तिवारी आदि को सम्मानित किया गया। मंडल मंत्री अनिल जैन मंडल अध्यक्ष आफाक हुसैन अंसारी, शंकर यादव, ओम प्रकाश शर्मा, सुमितसिंह, अश्विन शर्मा, आनंद शुक्ला, रोहित लोधी उपस्थित थे।

# योग के कई फायदें : सीएसपी

**रतलाम।** भारत – योग दिवस के अवसर पर सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने योग के महत्व को समझाया और कहा कि योग जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अनिल सचान पीएम एलएनटी, रत्नेश जी विजयवर्गीय– जन अभियान परिषद प्रेम पूनिया–राज्य प्रभारी युवा भारत, उत्तम शर्मा, विशाल कुमार वर्मा, नित्येंद्र आचार्य, बालकृष्ण, राकेश जी सोनी,अर्जुन पूनिया, अनिल, विराट,प्रेम पूनिया ने योग कराया और प्राणायाम के प्रयोग करवाये। रत्नेश विजयवर्गीय ने कहा कि योग एक महत्वपूर्ण विद्या है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बना सकता है। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। मानसिक शांति और आत्म–जागरूकता भी प्रदान करता है।

# एग्रीकल्चर विद्यार्थियों का शैक्षणिम भ्रमण




**जावरा।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त एवं डॉ. सीवी रामन विश्वविद्यालय खण्डवा के अकादमिक सहयोग से संचालित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट एवं राष्ट्रीय आजीविका संसाधन संस्थान नामली, रतलाम के द्वारा एग्रीकल्चर स्नातक, खण्डवा के रावे विद्यार्थियों का एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया। संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसरएनएच शर्मा ने बताया कि रावे विद्यार्थियों को ग्राम कुशलगड, जिला रतलाम के माँ का आशिर्वाद कृषि उद्योग, पॉली हाउस एवं अन्य कृषि संबंधित अध्ययन हेतु ले जाया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित गौर द्वारा विद्यार्थियों को कुशलगढ का भ्रमण कराया गया, जहां पर संचालक विनोद पाटीदार ने पॉली हाउस, विभिन्न प्रकार की उन्नत तकनीक खेती, हाईब्रिड पेड–पौधों की जानकारी, कोल्ड स्टोरेज एवं डेयरी फार्म आदि के बारे में जानकारी दी।

**योजनाओं के लाभ पर दिया वक्तव्य:** साथ ही पाटीदार ने वभिन्न कृषि पद्धतियों, जल प्रबंधन एवं कृषि कों लाभ का धंधा बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। छात्रों को ग्रामीण विकास गतिविधियों से जोडकर व्यावसायिक प्रबंधकीय दक्षता, व्यवहारिक ज्ञान एवं उच्च शिक्षण–प्रशिक्षण तकनीक प्रदान करके उनके भविष्य निर्माण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा सकता है। संचालक विनोद पाटीदार ने प्रायोगिक रूप से विभिन्न फसलों, पेड–पौधों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय आजीविका संसाधन संस्थान, भदवासा नामली के अंकित गौर, शंकरलाल डोडियार एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

**कार्यशाला** — उद्देश्य छात्रों को विज्ञान-प्रोधोगिकी, इंजीनियरिंग के प्रति रूचि बढ़ाना

# आदर्श हायर सेकेंडरी में रोबोटिक्स एवं ड्रोन की कार्यशाला



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल जावरा के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को रोबोटिक्स एवं ड्रोन की उन्नत तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंदसौर विश्वविद्यालय, मन्दसौर के विशेषज्ञों द्वारा स्कूल परिसर पर आयोजित किया गया। कार्यशाला का प्रमुख उदेश्य छात्रों को विज्ञान, प्रोधोगिकी, इंजीनियरिंग एवं नवीनतम तकनीकी के प्रति रूचि बढाना तथा तकनीकी शिक्षा के साथ जोडकर छात्रों को सर्वगीण विकास प्रदान करना था। कार्यशाला के अंतर्गत छात्रों ने रोबोटिक्स एवं ड्रोन के निर्माण एवं कार्यप्रणाली से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं को प्रेजेंटेशन एवं लाईव डेमो के माध्यम से सिखा। कार्यशाला के रोबोटिक्स विशेषज्ञ गौरव ठाकुर ने छात्रों को रोबोटिक्स की प्रोग्रामिंग तथा आंतरिक भाग एवं संरचना पर विस्तृत चर्चा कर अपना प्रशिक्षण साझा किया, कार्यशाला के ड्रोन विशेषज्ञ हिमाशु शर्मा ने भी इसी क्रम में ड्रोन के निरंतर बढते प्रयोग और इसकी उपयोगिता के साथ तकनीकी जानकारियों को विस्तार से छात्रों के साथ साझा किया गया। कार्यशाला मे राहुल परमार, अबरार रजा के द्वारा कार्यशाला में तकनीकी सहायक के रूप में उपस्थित रहकर, मशीन ऑपरेशन तथा विभिन्न बोर्ड सर्किट की जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय से उपस्थित विक्रमसिंह पंवार सहा. व्यख्याता संचार कोशल विभाग द्वारा छात्र हित में राष्टिय शिक्षा नीति के द्वारा किए गए बदलाव एवं नवीनतम शिक्षा प्रणाली को अपनाकर करियर की विभिन्न संभावनाओं एवं रोजगारउन्मुखी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

#### छात्रों को करवाए लाईव डेमो

कार्यशाला के अंत में सभी छात्रों को रोबोट एवं ड्रोन के प्रयोगिक एंव लाईव डेमो करवाए गए, साथ ही प्रशनावली सत्र के अंतर्गत छात्रों की विभिन्न जिज्ञासाओं तथा प्रश्नों को विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत रूप से प्रतिउत्तर दिए गए। स्कूल प्राचार्य श्रीमति निर्मला बैरागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए भविष्य की चुनोतियों के लिए तैयार रहने तथा वर्तमान में अधिक से अधिक सीखने पर जोर दिया। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य श्रीमति अलका पगारिया ने माना। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने उपस्तिथ रहकर कार्यशला की सराहना की और सभी के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।